**भारत सरकार**
**खान मंत्रालय**
**भारतीय खान ब्यूरो**
**हिंदी अनुभाग**
**ई-मेल ddr.hindi@ibm.gov.in**
**फोन नं. -0712-2560041 फैक्स नं. - 0712 - 2565073**
इंदिरा भवन, सिविल लाइन्स,

सं. ई-11011/12/2023-हिंदी-आईबीएम_एचक्यु/ नागपुर, दिनांक: /10/2024

सेवा में,
उप - निदेशक (राजभाषा),
खान मंत्रालय, शास्त्री भवन,
नई दिल्ली ।

**विषय : हिंदी पखवाड़ा – 2024 की रिपोर्ट का प्रेषण ।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय पर लेख है कि भारतीय खान ब्यूरो (मुख्यालय), नागपुर में दिनांक 14/09/2024 से 30/09/2024 तक हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया गया । उक्त हिंदी पखवाड़े की रिपोर्ट फोटोग्राफ सहित आपके अवलोकन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित की जा रही है ।

भवदीय

संलग्न : यथोपरि ।

Signed by
Yogesh G Kale
Date: 14-10-2024 14:42:39

(डॉ. योगेश जी. काले)
खान नियंत्रक (मध्य)
एवं राजभाषा अधिकारी

**प्रतिलिपि :-**

1. तकनीकी सचिव, भारतीय खान ब्यूरो, नागपुर ।
2. प्रभारी, टी. एम. आई.एस., भारतीय खान ब्यूरो, नागपुर को भारतीय खान ब्यूरो वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध के साथ ।

# भारतीय खान ब्यूरो मुख्यालय में हिंदी पखवाड़ा – 2024 का आयोजन




महानियंत्रक, भारतीय खान ब्यूरो के अनुमोदन से भारतीय खान ब्यूरो (मुख्यालय), नागपुर में दिनांक 14/09/2024 से दिनांक 30/09/2024 तक हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया गया। राजभाष विभाग, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली के निदेशानुसार हिंदी दिवस का शुभारंभ 14 सितंबर, 2024 को भारत मंडपम, नई दिल्ली में केंद्रीकृत रूप से किया गया। हिंदी पखवाड़ा का समापन दिनांक 04 अक्टूबर , 2024 को कार्यालय में किया गया ।

भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित उक्त कार्यक्रम में तथा 15 सितम्बर, 2024 को संपन्न हुए चतुर्थ अखिल भारतीय राजभाषा सम्मलेन में भारतीय खान ब्यूरो की ओर से श्री अभिनय कुमार शर्मा, संपादक ने प्रमुखता से भाग लिया ।

हिंदी पखवाड़ा – 2024 के दौरान दिनांक 18/09/2023 से 30/09/2023 तक कार्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन प्रतियोगिताओं में सामान्य हिंदी निबंध प्रतियोगिता, तकनीकी हिंदी निबंध प्रतियोगिता, टिप्पण आलेखन प्रतियोगिता, हिंदी अनुवाद प्रतियोगिता, हिंदी शुद्ध लेखन प्रतियोगिता, चित्र पर आधारित कहानी लेखन प्रतियोगिता, राजभाषा हिंदी प्रश्नोतरी प्रतियोगिता, हिंदी तात्कालिक वाक् प्रतियोगिता एवं राजभाषा प्रश्नमंच

प्रतियोगिता प्रमुख हैं । कार्यालय के हिंदी एवं हिंदीतर भाषी कार्मिकों के लिए अलग - अलग प्रतियोगिताएं आोजित की गई। इन सभी प्रतियोगिताओं में कार्यालय के कार्मिकों ने अधिकाधिक संख्या में भाग लिया ।



**हिंदी पखवाड़ा के दौरान प्रतियोगिता में भाग लेते हुए कार्मिक**

हिंदी पखवाड़ा की अवधि में दिनांक 27/09/2024 को अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु एक अर्द्ध दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस हिंदी कार्यशाला में भारतीय खान ब्यूरो, मुख्यालय, नागपुर के विभिन्न अनुभागों / प्रभागो के कुल 40 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया । हिंदी कार्यशाला में श्री अभिनय कुमार शर्मा, संपादक तथा श्री असीम कुमार, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने अपने व्याख्यान दिए ।

अपने व्याख्यान में श्री अभिनय कुमार शर्मा ने मशीनी अनुवाद तथा राजभाषा विभाग द्वारा विकसित अनुवाद टूल कंठस्थ - 2 के बारे में विस्तृत जानकारी प्रतिभागियों को दी। श्री असीम कुमार ने राजभाषा नीति विषय पर व्यापक रूप से अपने विचार रखे और राजभाषा से सम्बंधित अनेक प्रश्नों पर गहन रूप से प्रतिभागियों के साथ चर्चा की । यह कार्यशाला सभी अधिकारियों एवं

कर्मचारियों के लिए आयोजित की गई थी । कार्यशाला में सभी प्रतिभागियों ने अपनी विशेष रूचि दिखाते हुए अपनी समस्याओं का निवारण किया ।





**हिंदी कार्यशाला में व्याख्यान देते हुए**

दिनांक 04/10/2024 को श्री पीयूष नारायण शर्मा, मुख्य खान नियंत्रक की अध्यक्षता में हिंदी पखवाड़ा – 2024 का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप महाराष्ट्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, नागपुर के कुलपति प्रो.(डॉ.) विजेन्दर कुमार और विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री पंकज कुलश्रेष्ठ, मुख्य खान नियंत्रक, उपस्थित थे । साथ ही डॉ. योगेश जी. काले, खान नियंत्रक (मध्य) एवं राजभाषा अधिकारी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा कार्मिक भी इस अवसर पर उपस्थित थे ।

कार्यक्रम के आरम्भ में माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी और माननीय कोयला एवं खान मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी जी का हिंदी दिवस के अवसर पर दिया गया संदेश मंचासीन अधिकारियों द्वारा वाचन किया गया ।

सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष श्री पीयूष नारायण शर्मा ने राजभाषा हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग पर बल दिया और कहा कि अन्य भाषा की तरह हिंदी भाषा की भी अपनी कोमलता और सरसता है। उन्होंने आगे कहा कि हिंदी के विकास में भारतीय चित्रपट की भी महत्वपूर्ण एवं प्रभावी भूमिका रही है। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कृत कार्मिकों को बधाई दी ।



**सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष श्री पीयूषस नारायण शर्मा, मुख्य खान नियंत्रक**

इसके पूर्व सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) विजेन्दर कुमार ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी भाषा का हमारे जीवन में अत्यंत की महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि हिंदी के अधिकाधिक विकास के लिए हमें इसका प्रयोग प्रतिदिन करना चाहिए।




**सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) विजेन्दर कुमार**

विशिष्ट अतिथि श्री पंकज कुलश्रेष्ठ, मुख्य खान नियंत्रक ने कहा कि यद्यपि हम हिंदी को बढ़ाने में पूरी तरह सफल नहीं हुए हैं, परन्तु उसके लिए हमें निरंतर प्रयत्नशील रहना चाहिए । उन्होंने आगे कहा कि हमें यह सोच निर्मित करनी होगी कि हम हिंदी के द्वारा ही आगे बढ़ सकते हैं।




**सभा को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि श्री पंकज कुलश्रेष्ठ, मुख्य खान नियंत्रक**

कार्यक्रम के आरम्भ में अपने स्वागत भाषण में डॉ. योगेश जी. काले, खान नियंत्रक (मध्य) एवं राजभाषा अधिकारी ने संपर्क भाषा के रूप में हिंदी की महत्ता बतायी । उन्होंने आगे कहा कि आज हिंदी विदेशों में भी काफी प्रचलित है और विश्व भाषा के रूप में इसने अपना महत्वपूर्ण स्थान बना लिया है।



**सभा को संबोधित करते हुए डॉ. योगेश जी. काले, खान नियंत्रक (मध्य ) एवं राजभाषा अधिकारी**

श्री अभिनय कुमार शर्मा, संपादक ने भारतीय खान ब्यूरो मुख्यालय में गत वर्ष के दौरान हिंदी सम्बन्धी कार्यों की उपलब्धियां सभा के समक्ष पढ़कर सुनायी ।




हिंदी सम्बन्धी कार्यों की विवरणी प्रस्तुत करते हुए श्री अभिनय कुमार शर्मा, संपादक

कार्यक्रम के दौरान राजभाषा विभाग द्वारा जारी राजभाषा हिंदी से संबंधित विडियो और माननीय गृहमंत्री द्वारा जारी राजभाषा हिंदी से संबंधित डाक टिकट का प्रदर्शन भी किया गया ।



**गृहमंत्री द्वारा जारी राजभाषा हिंदी से संबंधित डाक टिकट का प्रदर्शन करते हुए मंचासीन अधिकारीगण**

इस अवसर पर मंचासीन महानुभावों द्वारा भारतीय खान ब्यूरो मुख्यालय की हिंदी गृह पत्रिका 'खान भारती' के 11 वें अंक का विमोचन भी किया गया।



**भारतीय खान ब्यूरो नागपुर की हिंदी गृह पत्रिका 'खान भारती' का विमोचन करते हुए मंचासीन अधिकारीगण**

हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित की गई विभिन्न हिंदी विषयक प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को अध्यक्ष, मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं राजभाषा अधिकारी द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। विभिन्न हिंदी विषयक प्रतियोगिताओं में भारतीय खान ब्यूरो के कार्मिकों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया।




**मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार वितरण करते हुए**

हिंदी पखवाड़ा के पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह का संचालन श्री विनय कुमार सक्सेना, वरिष्ठ पुस्तकालय एवं सूचना सहायक ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन श्री सुबोध कुमार, आशुलिपिक द्वारा दिया गया। उक्त समारोह के सफलतापूर्वक आयोजन में हिंदी अनुभाग के श्रीमती मिताली चटर्जी, सहायक निदेशक (राजभाषा), श्री असीम कुमार, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, श्री किशोर डी. पारधी, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, श्रीमती वीनू खत्री, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, श्री प्रदीप कुमार सिन्हा, उच्च श्रेणी लिपिक तथा श्री एम.एन. मोरे, प्रेसमैन का पूर्ण योगदान रहा।

# हिंदी पखवाड़ा – 2024

## प्रतियोगिताओं के परिणाम

| सामान्य हिंदी निबंध प्रतियोगिता (हिंदी भाषी वर्ग) | | | |
|---|---|---|---|
| क्र. सं. | नाम | पदनाम | पुरस्कार |
| 01. | श्री विनय कुमार सक्सेना | वरिष्ठ पुस्त. एवं सू. सहायक | प्रथम |
| 02. | श्री अनुराग द्विवेदी | व .त. स.(खनन ) | द्वितीय |
| 03. | श्री विभूति नंदन तिवारी | उच्च श्रेणी लिपिक | तृतीय |
| 04. | श्री सर्वेश कुमार सुमन | उच्च श्रेणी लिपिक | प्रोत्साहन |
| **सामान्य हिंदी निबंध प्रतियोगिता (हिंदीत्तर भाषी वर्ग)** | | | |
| 01. | श्रीमती मंजूषा नेमाड | सहा . भंडारपाल (त ) | प्रथम |
| 02. | श्रीमती प्रज्ञा देव | सहा . संपादक | द्वितीय |
| 03. | श्री पी. आर. टेंगुरिया | | तृतीय |
| 04. | श्रीमती योगिता वासनिक | प्रेसमैन | प्रोत्साहन |
| **तकनीकी हिंदी निबंध प्रतियोगिता (हिंदी भाषी वर्ग)** | | | |
| 01. | श्री विनय कुमार सक्सेना | वरिष्ठ पुस्त. एवं सू. सहायक | प्रथम |
| 02. | श्री रूपेंद्र सिंह राठौड़ | सहा .खनिज अर्थशास्त्री | द्वितीय |
| 03. | श्री मनोज कुमार मीणा | सहा .खनिज अर्थशास्त्री | तृतीय |
| 04. | श्री मनीष कमेड़िया | सहा .खनिज अर्थशास्त्री | प्रोत्साहन |
| **तकनीकी हिंदी निबंध प्रतियोगिता (हिंदीत्तर भाषी वर्ग) *किसी ने प्रतिभागिता नहीं की** | | | |
| **हिंदी टिप्पण - आलेखन प्रतियोगिता (हिंदी भाषी वर्ग)** | | | |
| 01. | श्री सतीश कुमार | सहा . भंडारपाल (त ) | प्रथम |
| 02. | श्री विभूति नंदन तिवारी | उच्च श्रेणी लिपिक | द्वितीय |
| 03. | श्री मनोज कुमार मीणा | सहा .खनिज अर्थशास्त्री | तृतीय |
| 04. | श्री सर्वेश कुमार सुमन | उच्च श्रेणी लिपिक | प्रोत्साहन |
| | | | |

| हिंदी टिप्पण - आलेखन प्रतियोगिता (हिंदीत्तर भाषी वर्ग) | | | |
|---|---|---|---|
| 01. | श्रीमती मंजूषा नेमाड | सहा . भंडारपाल (त ) | प्रथम |
| 02. | श्री ए. जे . पठान | सहा . भंडारपाल (त ) | द्वितीय |
| 03. | श्री प्रकाश पी . गावंडे | सहा . भंडारपाल (त ) | तृतीय |
| 04. | श्री आर . आर . सदावर्ते | आशुलिपिक | प्रोत्साहन |
| **अनुवाद प्रतियोगिता (हिंदी भाषी वर्ग)** | | | |
| 01. | श्री रामसुंदर पांडेय | सहा . भंडारपाल (त ) | प्रथम |
| 02. | सुश्री सौम्या केशरी | एम. टी . एस | द्वितीय |
| 03. | श्री सतीश कुमार | सहा . भंडारपाल (त ) | तृतीय |
| 04. | श्री दीपक कुमार | अवर श्रेणी लिपिक | प्रोत्साहन |
| **अनुवाद प्रतियोगिता (हिंदीत्तर भाषी वर्ग)** | | | |
| 01. | श्रीमती प्रज्ञा देव | सहा . संपादक | प्रथम |
| 02. | श्री ए. जे . पठान | सहा . भंडारपाल (त ) | द्वितीय |
| 03. | श्री नीलेश महात्मे | उच्च श्रेणी लिपिक | तृतीय |
| 04. | श्रीमती अनीता शर्मा | उच्च श्रेणी लिपिक | प्रोत्साहन |
| **शुद्ध लेखन प्रतियोगिता (हिंदी भाषी वर्ग)** | | | |
| 01. | सुश्री कृति गुप्ता | आशुलिपिक | प्रथम |
| 02. | श्री मेहराज आलम | आशुलिपिक | द्वितीय |
| 03. | श्रीमती कृष्णा मुरिया | आशुलिपिक | तृतीय |
| 04. | श्रीमती हेमलता पाल | वरिष्ठ पुस्त. एवं सू. सहायक | प्रोत्साहन |
| **शुद्ध लेखन प्रतियोगिता (हिंदीत्तर भाषी वर्ग)** | | | |
| 01. | श्रीमती अनीता शर्मा | उच्च श्रेणी लिपिक | प्रथम |
| 02. | श्रीमती योगिता वासनिक | प्रेसमैन | द्वितीय |
| 03. | श्री नीलेश महात्मे | उच्च श्रेणी लिपिक | तृतीय |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 04. | श्री महेश बांधे | अवर श्रेणी लिपिक | प्रोत्साहन |
| **राजभाषा हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता** | | | |
| 01. | सुश्री कृति गुप्ता | आशुलिपिक | प्रथम |
| 02. | श्रीमती कृष्णा मुरिया | आशुलिपिक | द्वितीय |
| 03. | श्रीमती हेमलता पाल | वरिष्ठ पुस्त. एवं सू. सहायक | तृतीय |
| 04. | श्री मयूख दास | एम. टी . एस | प्रोत्साहन |
| **चित्र पर आधारित कहानी लेखन प्रतियोगिता** | | | |
| 01. | श्री राजेश कुमार | उच्च श्रेणी लिपिक | प्रथम |
| 02. | श्री अंकित गुप्ता | आशुलिपिक | द्वितीय |
| 03. | श्री हिमांशु अवस्थी | | तृतीय |
| 04. | श्री सत्यम विश्वकर्मा | | प्रोत्साहन |
| **हिंदी तात्कालिक वाक प्रतियोगिता** | | | |
| 01. | श्री राजेश कुमार | उच्च श्रेणी लिपिक | प्रथम |
| 02. | सुश्री सौम्या केशरी | एम. टी . एस | प्रथम |
| 03. | श्री अंकित गुप्ता | आशुलिपिक | द्वितीय |
| 04. | श्री सत्यम विश्वकर्मा | | तृतीय |
| राजभाषा प्रश्नमंच प्रतियोगिता | | | |
| 01. | श्री अंकित गुप्ता | आशुलिपिक | प्रोत्साहन |
| 02. | श्रीमती प्रतिभा शर्मा | सहा . भंडारपाल (त ) | प्रोत्साहन |
| 03. | श्री ए . जे .पठान | सहा . भंडारपाल (त ) | प्रोत्साहन |
| 04. | श्री सोनू कुमार चौरसिया | क. सांख्यिकी अधिकारी | प्रोत्साहन |
| 05. | श्री रामसुंदर पांडेय | सहा . भंडारपाल (त ) | प्रोत्साहन |
| 06. | श्रीमती हेमलता पाल | वरिष्ठ पुस्त. एवं सू. सहायक | प्रोत्साहन |
| 07. | श्री अनिल बोंडलवार | | प्रोत्साहन |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 08. | श्रीमती अनीता शर्मा | उच्च श्रेणी लिपिक | प्रोत्साहन |
| 09. | श्री मोहम्मद असलम | एम. टी . एस | प्रोत्साहन |
| 10. | श्री अनुराग मिश्रा | सहा . संपादक | प्रोत्साहन |
| 11. | श्री नीलेश महात्मे | उच्च श्रेणी लिपिक | प्रोत्साहन |
| 12. | सुश्री सौम्या केशरी | एम. टी . एस | प्रोत्साहन |
| 13. | श्री अनिर्बन पॉल | खनिज अर्थशास्त्री | प्रोत्साहन |
| 14. | सुश्री कृति गुप्ता | आशुलिपिक | प्रोत्साहन |
| 15. | श्री केतन किशन गायकवाड़ | सहा . भंडारपाल (त ) | प्रोत्साहन |
| 16. | सुश्री नीलम राठौड़ | आशुलिपिक | प्रोत्साहन |
| 17. | श्रीमती योगिता वासनिक | प्रेसमैन | प्रोत्साहन |
| 18. | श्री मयूख दास | एम. टी . एस | प्रोत्साहन |
| 19. | श्री अर्जुन देशपांडे | सहा .खनिज अर्थशास्त्री | प्रोत्साहन |
| 20. | श्री दीपक कुमार | अवर श्रेणी लिपिक | प्रोत्साहन |

# भारतीय खान ब्यूरो मुख्यालय में हिंदी पखवाड़ा–२०२४ का समापन

## स्पर्धाओं के पुरस्कार वितरित

**संवाददाता**

**नागपुर।** भारतीय खान ब्यूरो (मुख्यालय), नागपुर में पीयूष नारायण शर्मा, मुख्य खान नियंत्रक की अध्यक्षता में हिंदी पखवाड़ा - २०२४ का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप महाराष्ट्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, नागपुर के कुलपति प्रो. (डॉ.) विजेन्दर कुमार और विशिष्ट अतिथि के रूप में पंकज कुलश्रेष्ठ, मुख्य खान नियंत्रक, उपस्थित थे। साथ ही डॉ. योगेश जी. काले, खान नियंत्रक (मध्य) एवं राजभाषा अधिकारी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा कार्मिक भी इस अवसर पर उपस्थित थे। कार्यक्रम के आरम्भ में गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह और माननीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी का हिंदी दिवस के अवसर पर दिया गया संदेश मंचासीन अधिकारियों द्वारा वाचन किया गया।

अध्यक्ष पीयूष नारायण शर्मा ने राजभाषा हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग पर बल दिया और कहा कि अन्य भाषा की तरह हिंदी भाषा की भी अपनी कोमलता और सरसता है। उन्होंने आगे कहा कि हिंदी के विकास में भारतीय चित्रपट की भी महत्वपूर्ण एवं प्रभावी भूमिका रही है। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कृत कार्मिकों को बधाई दी।

मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) विजेन्दर कुमार ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी भाषा का हमारे जीवन में अत्यंत की महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि हिंदी के अधिकाधिक विकास के लिए हमें इसका प्रयोग प्रतिदिन करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि पंकज कुलश्रेष्ठ, मुख्य खान नियंत्रक ने कहा कि यद्यपि हम हिंदी को बढ़ाने में पूरी तरह सफल नहीं हुए हैं, परन्तु उसके लिए हमें निरंतर प्रयत्नशील रहना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि हमें यह सोच निर्मित करनी होगी कि हम हिंदी के द्वारा ही आगे बढ़ सकते हैं।

स्वागत भाषण में डॉ. योगेश काले, खान नियंत्रक (मध्य) एवं राजभाषा अधिकारी ने संपर्क भाषा के रूप में हिंदी की महत्ता बतायी। उन्होंने कहा कि आज हिंदी विदेशों में भी काफी प्रचलित है और विश्व भाषा के रूप में इसने अपना महत्वपूर्ण स्थान बना लिया है। अभिनय कुमार शर्मा, संपादक ने भारतीय खान ब्यूरो मुख्यालय में गत वर्ष के दौरान हिंदी सम्बन्धी कार्यों की उपलब्धियां सभा के समक्ष पढ़कर सुनायी। गृहमंत्री द्वारा जारी राजभाषा हिंदी से संबंधित डाक टिकट की प्रतिकृति का भी प्रदर्शन किया गया। इस भारतीय खान ब्यूरो मुख्यालय की हिंदी गृह पत्रिका 'खान भारती' के ११वें अंक का विमोचन भी किया गया।

हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित की गई विभिन्न हिंदी विषयक प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को अध्यक्ष, मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं राजभाषा अधिकारी द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। विभिन्न हिंदी विषयक प्रतियोगिताओं में भारतीय खान ब्यूरो के कार्मिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हिंदी पखवाड़ा के पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह का संचालन विनय कुमार सक्सेना, वरिष्ठ पुस्तकालय एवं सूचना सहायक ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन सुबोध कुमार, आशुलिपिक द्वारा दिया गया। सफलतापूर्वक आयोजन में हिंदी अनुभाग के श्रीमती मिताली चटर्जी, सहायक निदेशक (राजभाषा), असीम कुमार, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, किशोर डी. पारधी, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, श्रीमती वीनू खत्री, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, प्रदीप कुमार सिन्हा, उच्च श्रेणी लिपिक तथा एम.एन. मोरे, प्रेसमैन का पूर्ण योगदान रहा।



युगधर्म मिलाजुला

दैनिक राष्ट्रदूत

# भारतीय खान ब्यूरो मुख्यालय में हिंदी पखवाड़ा का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह



नागपुर। नागपुर के भारतीय खान ब्यूरो (मुख्यालय) में चार अक्टूबर को पीयूष नारायण शर्मा, मुख्य खान नियंत्रक की अध्यक्षता में हिंदी पखवाड़ा - 2024 का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप महाराष्ट्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, नागपुर के कुलपति प्रो. (डॉ.) विजेन्दर कुमार और विशिष्ट अतिथि के रूप में पंकज कुलश्रेष्ठ, मुख्य खान नियंत्रक उपस्थित थे। साथ ही डॉ. योगेश जी. काले, खान नियंत्रक (मध्य) एवं राजभाषा अधिकारी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा कार्मिक भी इस अवसर पर उपस्थित थे। राजभाषा विभाग के निदेशानुसार एवं महानियंत्रक, भारतीय खान ब्यूरो के अनुमोदन से भारतीय खान ब्यूरो (मुख्यालय), नागपुर में 14 सितंबर से 30 सितंबर तक हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया गया। हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित की गई विभिन्न हिंदी विषयक प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को अध्यक्ष, मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं राजभाषा अधिकारी द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। विभिन्न हिंदी विषयक प्रतियोगिताओं में भारतीय खान ब्यूरो के कार्मिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हिंदी पखवाड़ा के पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह का संचालन विनय कुमार सक्सेना, वरिष्ठ पुस्तकालय एवं सूचना सहायक ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन सुबोध कुमार, आशुलिपिक द्वारा दिया गया।